[This question paper contains 10 printed pages.]

**Sr. No. of Question Paper : 5131** **F** **Your Roll No...............**

Unique Paper Code : 241152

Name of the Paper : A.C.E. : Financial Accounting

Name of the Course : **B.A. (Prog.) Accounting and Finance**

Semester : I

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 75

**Instructions for Candidates**

1. Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.
2. Attempt **all** questions.
3. All questions of each section (A, B & C) should be attempted together.
4. **All** questions carry equal marks. Show your workings clearly.
5. Answers may be written either in English or Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**छात्रों के लिए निर्देश**

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. सभी प्रश्नों का उत्तर दें।
3. प्रत्येक खंड (क, ख, ग) के सभी प्रश्नों का उत्तर एक साथ दें।
4. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं। अपने कार्य को स्पष्ट दिखाइए।
5. इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी या हिंदी किसी एक भाषा में दीजिए, लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

## SECTION A (खंड क)

1. Define Accounting. Discuss its purposes and limitations.

**OR**

From the following Trial Balance of Hari and additional information, prepare Trading and Profit & Loss Account for the year ended 31st March, 2014 and a Balance Sheet as on that date :

Trial Balance as at 31st March, 2014

| | Dr. (Rs.) | Cr. (Rs.) |
|---|---|---|
| Hari's Capital | — | 1,00,000 |
| Furniture | 20,000 | — |
| Purchases | 1,50,000 | — |
| Debtors | 2,00,000 | — |
| Interest earned | — | 6,000 |
| Salaries | 30,000 | — |
| Sales | — | 3,21,000 |
| Purchase Returns | — | 5,000 |
| Wages | 20,000 | — |
| Rent | 15,000 | — |
| Sales Return | 10,000 | — |
| Bad Debt Written off | 7,000 | — |
| Creditors | — | 1,20,000 |
| Drawings | 24,000 | — |
| Provision for Bad Debts | — | 6,000 |
| Printing & Stationery | 8,000 | — |
| Insurance | 12,000 | — |
| Opening Stock | 50,000 | — |
| Office Expenses | 12,000 | — |
| | **5,58,000** | **5,58,000** |

**ADDITIONAL INFORMATION :**

(i) Depreciate Furniture by 10% p.a.

(ii) A provision for Doubtful Debts is to be created to the extent of 5% on Sundry Debtors.

(iii) Salaries for the month of March, 1995 amounting to Rs. 3,000 were unpaid which must be provided for. However, salaries included Rs. 2,000 paid in advance.

(iv) Insurance amounting to Rs. 2,000 is prepaid.

(v) Provide for outstanding office expenses Rs. 8,000.

(vi) Stock used for private purpose Rs. 6,000.

(vii) Closing Stock-in-Trade Rs. 60,000.

लेखाकरण की परिभाषा दीजिए। इसके उद्देश्य और सीमाओं की विवेचना कीजिए।

**अथवा**

हरी के निम्नलिखित तल-पट और अतिरिक्त सूचनाओं से 31.3.2014 को समाप्त हुए वर्ष के लिए व्यापार तथा लाभ और हानि लेखा तैयार कीजिए और इस दिन तक का तुलनपत्र तैयार कीजिए।

31 मार्च 2014 को तल पट

| | डेबिट (रु.) | क्रैडिट (रु.) |
|---|---|---|
| हरी की पूँजी | — | 1,00,000 |
| फर्नीचर | 20,000 | — |
| खरीदारियाँ | 1,50,000 | — |
| देनदारियाँ | 2,00,000 | — |
| अर्जित ब्याज | — | 6,000 |
| वेतन | 30,000 | — |
| बिक्री | — | 3,21,000 |
| खरीद वापसियाँ | — | 5,000 |
| मज़दूरियाँ | 20,000 | — |
| किराया | 15,000 | — |
| बिक्री वापसियाँ | 10,000 | — |
| अशोध्य ऋण बट्टे खाते डाले गए | 7,000 | — |
| लेनदारियाँ | — | 1,20,000 |
| आहरण | 24,000 | — |
| अशोध्य ऋणों के लिए व्यवस्था | — | 6,000 |
| छपाई तथा स्टेशनरी | 8,000 | — |
| बीमा | 12,000 | — |
| आरंभिक स्टॉक | 50,000 | — |
| कार्यालय खर्चे | 12,000 | — |
| | **5,58,000** | **5,58,000** |

अतिरिक्त सूचनाएँ :

(i) फर्नीचर पर 10% प्रति वर्ष मूल्यह्रास लगाएँ।

(ii) संदिग्ध ऋणों के लिए, विविध देनदारों से 5% वसूलने की व्यवस्था करें।

(iii) मार्च 1995 की 3000 रु. का वेतन अभी नहीं दिया गया है जिसके लिए व्यवस्था करनी चाहिए। तथापि वेतन में से 2000 रु. शामिल हैं जो अग्रिम दिए गए थे ?

(iv) 2000 रु. की बीमा राशि नहीं दी गई है।

(v) बकाया कार्यालयी खर्चों के लिए 8000 रु. व्यवस्था करें।

(vi) निजी काम के लिए प्रयुक्त स्टॉक 6000 रु. का था।

(vii) अंतिम विक्रेय स्टॉक 60000 रु. का है।

## SECTION B (खंड ख)

2. Punjab Cycle Co. of Ludhiana consigned 100 bicycles to Kanpur Cycle Co. of Kanpur costing Rs. 1,500 each, invoiced at Rs. 2,000 each. The consignor paid freight Rs. 10,000 and insurance in transit Rs. 1,500. During transit, 10 bicycles were totally damaged. Kanpur Cycle Co. took delivery of the remaining bicycles and paid Rs. 1530 for octroi duty. Kanpur Cycle Co. sent a bank draft to Punjab Cycle Co. for Rs. 50,000 as advance and later on sent an account sales showing that 80 bicycles had been sold @ Rs. 2,200 each. Expenses incurred by Kanpur Cycle Co. on godown rent were Rs. 2,000. Kanpur Cycle Co. is entitled to a commission of 5% on invoice price and 25% on any surplus of sale price over invoice price. Insurance claim was settled at Rs. 14,000.

Prepare Consignment Account, Consignee's Account and Accidental Loss Account in the books of the consignor.

**OR**

Bachan and Charan enter a Joint Venture sharing profits and losses in 2:3 to prepare a film for the government. The Government agrees to pay Rs. 1,00,000. Bachin contributes Rs. 10,000 and Charan contributes Rs. 15,000. These amounts

are paid into a Joint Bank Account. Payments made out of the joint account were :

| | *Rs.* |
|---|---|
| Purchased of equipment | 6,000 |
| Hire of equipment | 5,000 |
| Wages | 45,000 |
| Materials | 10,000 |
| Office expenses | 5,000 |

Bachan paid Rs. 2,000 as licensing fees. On completion, the film was found defective and Govt. made a deduction of Rs. 10,000. The equipment was taken over by Charan at a valuation of Rs. 2,000.

Give necessary ledger Accounts.

पंजाब साइकिल कंपनी, लुधियाना, ने 100 बाइसिकिल कानपुर की 'कानपुर साइकिल कंपनी' को परेषित की जिनकी लागत 1500 रु. प्रत्येक हैं और बीजक 2000 रु. के हिसाब से काटा है । परेषक ने 10000 रु. मालभाड़ा और 1500 रु. परिवहन बीमे के दिए । परिवहन के दौरान 10 बाइसिकिलें पूर्णत: नष्ट हो गईं । कानुपर साइकिल कंपनी ने शेष बाइसिकिलों की डिलीवरी ले ली और 1530 रु. चुंगी दी । कानपुर साइकिल कंपनी ने पंजाब साइकिल कंपनी को 50,000 रु. का एक ड्राफ्ट अग्रिम राशि के रूप में भेज दिया था और बाद में बिक्री लेखा भेजा जिसमें उसने बताया कि उसने 80 बाइसिकिलों को 2200 रु. प्रत्येक की दर से बेच दिया है । कानपुर साइकिल कंपनी द्वारा मालगोदाम के किराए के 2000 रु. खर्च किए । कानपुर साइकिल कंपनी को बीजक कीमत पर 5% कमीशन और बीजक कीमत से अधिक आमदनी पर 25% कमीशन लेने का हक है । बीमा का दावा 14000 रु. में नियत दिया गया ।

परेषक के खातों में परेषण लेखा, परेषिती लेखा और दुर्घटना हानि लेखा तैयार कीजिए ।

**अथवा**

बचन और चरन एक संयुक्त उद्यम में शामिल होते हैं और सरकार के लिए एक फिल्म तैयार करने के काम में लाभ और हानि में 2:3 के अनुपात में हिस्सेदार होते हैं । सरकार 1,00,000 भुगतान करने के लिये सहमत है। बचन 10,000 रु. और चरन 15000 रु. योग देता है । ये राशियाँ एक संयुक्त बैंक लेखे में जमा हैं । इस संयुक्त लेखे में से अदायगियाँ इस प्रकार की गईं :

| | रु. |
|---|---|
| उपकरणों की खरीद | 6,000 |
| उपकरणों को किराए पर लेना | 5,000 |
| मज़दूरियाँ | 45,000 |
| सामग्री | 10,000 |
| कार्यालयी खर्चे | 5,000 |

बचन ने लाइसेंस शुल्क के रूप में 2000 रु. दिए। पूरा होने पर फिल्म को दोषपूर्ण पाया गया और सरकार ने 10000 रु. काट लिए। इस उपकरण को चरन ने 2000 रु. मूल्य देकर ले लिया।

आवश्यक लेजर लेखे तैयार कीजिए।

3. AB Ltd. purchased from CD Ltd. a machine costing Rs. 1,20,000 on hire purchase system. Payment was to be made Rs. 30,000 down and the remainder in three equal instalments together with interest at 5%. AB Ltd. writes off depreciation @ 20% on the diminishing balance method. The buyer could not pay the second instalment and vendor seized the machinery.

Prepare Hire Vendor account and Machinery A/c in the books of AB Ltd. And Goods repossessed Account in the books of CD Ltd. The hire vendor spent Rs. 5,800 on getting the trucks thoroughly overhauled and sold them for Rs. 70,000.

**OR**

Bikas Ltd. bought machinery for Rs. 30,000 on 1st April, 2011. One more machinery was purchased on 1st October, 2011 costing Rs. 20,000. On 1st July, 2012, new machinery for Rs. 10,000 was added to the existing machinery. On 1st January, 2013, one-third of the machinery which was installed on 1st April, 2011 was sold for Rs. 3,000. The rate of depreciation is 10% on reducing balance method. The accounting period ends on 31st December each year. Show the machinery account in the books of the company.

AB लिमिटेड ने CD लिमिटेड से 1,20,000 रु. की मूल्य की एक मशीन किराया खरीद आधार पर ली। तत्काल 30000 रु. दिए जाने थे और शेष राशि समान किस्तों में 5% ब्याज के साथ दी जानी थी। AB

लिमिटेड ह्रासमान शेष विधि के आधार पर 20% की दर से मूल्यह्रास को बट्टे खाते डाल देता है। क्रेता दूसरी किस्त न दे सका अत: विक्रेता ने मशीनरी को अपनी अधीन कर लिया।

AB लिमिटेड के खातों में किराया विक्रेता लेखा और मशीनरी लेखा तैयार कीजिए और CD लिमिटेड के खातों में माल पुन: कब्जा लेखा तैयार कीजिए। किराया-विक्रेता ने 5800 रु. ट्रकों की पूरी तरह से मरम्मत करने पर खर्चा किए और उन्हें 70,000 रु. में बेच दिया।

अथवा

बिकास लिमिटेड ने 1 अप्रैल 2011 को 30000 रु. में एक मशीन खरीदी। एक और मशीन उसने 1 अक्टूबर 2011 को खरीदी जिसकी लागत 20000 रु. थी। 1 जुलाई 2012 को एक नई मशीन 10000 रु. की लेकर मौजूदा मशीनों में जोड़ दी गई। 1 जनवरी 2013 को उसने 1 अप्रैल 2011 को संस्थापित मशीन का 1/3 भाग 3000 रु. में बेच दिया। मूल्यह्रास की दर ह्रासमान शेष विधि के आधार पर 10% है। लेखाकरण अवधि हर वर्ष 31 दिसंबर को समाप्त होती है। कंपनी के खातों में मशीनरी लेखा प्रदर्शित कीजिए।

## SECTION C (खंड ग)

4. Modern Shoe Stores has an old established branch at Chandigarh. Goods are invoiced to the branch at 20% profit on sales, the branch having been instructed to send all cash daily to the head office. All expenses are paid by the head office except petty expenses, which are met by the branch manager. From the following particulars, you are required to draw up branch account as it would appear in the books of the Head Office, i.e., Modern Shoe Stores:

| | *Rs.* |
|---|---|
| Stock on January 1, 1999 (Invoice Price) | 15,000 |
| Sundry Debtors on January 1, 1999 | 9,000 |
| Cash in hand on January 1, 1999 | 400 |
| Office Furniture on January 1, 1999 | 1,200 |
| Goods supplied by the Head Office (Invoice Price) | 80,000 |
| Goods Returned to Head Office | 1,000 |
| Goods Returned by Debtors | 480 |
| Cash Received from Debtors | 30,000 |

| | | |
|---|---|---|
| Cash Sales | | 50,000 |
| Credit Sales | | 30,000 |
| Discount Allowed | | 300 |
| **Expenses Paid by the Head Office:** | | |
| Rent | 1,200 | |
| Salary | 2,400 | |
| Stationary and Printing | 300 | 3,900 |
| Petty Expenses paid by the Branch Manager | | |
| Provide depreciation on furniture @ 10% p.a. | | 280 |
| Stock on 31.12.1999 (Invoice Price) | | 14,000 |

**OR**

What are the features of dependent branches ? Prepare format of Branch account as per debtors system.

मॉडर्न शू स्टोर्स की एक पुरानी सुस्थापित शाखा चंडीगढ़ में है । माल को बिक्री पर 20% लाभ पर शाखा को बीजक काट कर भेजा जाता है और शाखा को हिदायत दी गई है कि वह सारा रोकड़, प्रधान कार्यालय को भेजे । सभी खर्चे प्रधान कार्यालय द्वारा दिए जाते हैं केवल खुदरा खर्चों को छोड़कर जिनका भुगतान शाखा प्रबंधक करता है । निम्नलिखित विवरणों से आपको प्रधान कार्यालय के अर्थात मॉडर्न शू स्टोर्स के खातों में दिखाए गए अनुसार शाखा के लेखे तैयार करने हैं ।

| | रु. |
|---|---|
| स्टॉक 1 जनवरी 1999 को (बीजक कीमत पर) | 15,000 |
| विविध देनदारियाँ 1 जनवरी 1999 को | 9,000 |
| 1 जनवरी 1999 को रोकड़ हाथ में | 400 |
| 1 जनवरी 1999 को कार्यालय फर्नीचर | 1,200 |
| प्रधान कार्यालय द्वारा (बीजक कीमत पर) सप्लाई दिया गया माल | 80,000 |
| प्रधान कार्यालय को वापस किया गया माल | 1,000 |
| देनदारों द्वारा वापस किया गया माल | 480 |
| देनदारों से प्राप्त रोकड़ | 30,000 |
| रोकड़ बिक्री | 50,000 |

| | | |
|---|---|---|
| उधार बिक्री | | 30,000 |
| बट्टा दिया गया | | 300 |
| **प्रधान कार्यालय द्वारा दिए गए खर्चे :** | | |
| किराया | 1,200 | |
| वेतन | 2,400 | |
| स्टेशनरी और छपाई | 300 | 3,900 |
| शाखा प्रबंधक द्वारा दिए गए खुदरा खर्चे | | |
| फर्नीचर पर 10% प्रति वर्ष की दर से मूल्यह्रास लगाएँ | | 280 |
| 31.12.1999 को स्टॉक (बीजक कीमत पर) | | 14,000 |

**अथवा**

आश्रित शाखाओं की विशेषताएँ क्या हैं ? देनदार प्रभावी आधार पर शाखा लेखे का फॉर्मेट तैयार कीजिए।

5. A, B and C sharing profits in the ratio 3:1:1 decided to dissolve their firm. On 31st March, 1998, their position was as follows :

| | | Rs. | | | Rs. |
|---|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 6,000 | Cash at Bank | | 3,500 |
| Loan | | 1,500 | Debtors | 24,200 | |
| **Capital** | | | Less: Reserve for | | |
| A | 27,500 | | doubtful debts | 1,200 | 23,000 |
| B | 11,000 | | Stock | | 8,300 |
| C | 10,000 | 48,500 | Furniture | | 1,200 |
| | | | Sundry assets | | 20,000 |
| | | **56,000** | | | **56,000** |

It is agreed that :

(a) A is to take over all the furniture at Rs. 1,000 and Debtors amounting to Rs. 20,200 at Rs. 18,000. A also agrees to pay the creditors.

(b) B is to take over all the stock at book value and some of the Sundry Assets at Rs. 7,200 (being book value less 10%).

(c) C to take over the remaining Sundry Assets at 90% of the book value and assume responsibility for the discharge of the loan.

(d) The remaining debtors were taken over by a Debt collecting agency at 80% of book value.

(e) The expenses of dissolution amounted to Rs. 200.

Prepare Realisation Account, Bank Account and Capital Accounts of the partners.

A, B और C 3:1:1 के अनुपात में लाभों में हिस्सेदार हैं और वे अपनी फर्म को विघटित करना चाहते हैं। 31 मार्च 1998 को उनकी स्थिति इस प्रकार थी :

| | | रु. | | | रु. |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदारियाँ | | 6,000 | रोकड़ हाथ में | | 3,500 |
| ऋण | | 1,500 | देनदारियाँ | 24,200 | |
| पूँजी : | | | घटाएँ: संदिग्ध ऋणों | | |
| A | 27,500 | | के लिए रिजर्व | 1,200 | 23,000 |
| B | 11,000 | | स्टॉक | | 8,300 |
| C | 10,000 | 48,500 | फर्नीचर | | 1,200 |
| | | | विविध परिसंपत्तियाँ | | 20,000 |
| | | **56,000** | | | **56,000** |

इस बात पर सहमति हुई कि :

(क) A 1000 रु. में सारा फर्नीचर ले लेगा और 20,200 रु. की देनदारियों का 18000 रु. में ले लेगा। A उधार देने वालों को भी देने के लिए राज़ी हो जाता है।

(ख) सारा स्टॉक पुस्तक मूल्य पर और विविध परिसंपत्तियों में से कुछ को 7200 रु. (पुस्तक मूल्य से 10% कम) में ले लेगा।

(ग) C शेष विविध परिसम्पत्तियों को पुस्तक मूल्य के 90% पर ले लेगा और ऋण चुकाने की जिम्मेदारी लेगा।

(घ) शेष देनदारियों को ऋण इकट्ठा करने वाली एजेन्सी ने पुस्तक मूल्य के 80% पर ले लिया था।

(ङ) विघटित करने के खर्चे 200 रु. हुए।

भागीदारों के वसूली लेखा, बैंक लेखा और पूँजी लेखे तैयार कीजिए।